प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर में निर्माणाधीन गोरखपुर–पिपराइच फोरलेन मार्ग और रैन बसेरों का किया निरीक्षण : ठंड से बचाव के लिए हर ज़िले में रैन बसेरे बनाने का दिया आदेश।**
2. **राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2026 के लिए चयनित प्रदेश के प्रतिभागियों से किया संवाद : कहा– भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का वैश्विक स्तर पर प्रसार समय की आवश्यकता ।**
3. **प्रयागराज में माघ मेले से दिया जा रहा है पर्यावरण संरक्षण का संदेश : मला परिसर में पॉलिथीन के उपयोग पर लगा सम्पूर्ण प्रतिबंध।**

**और**

4. **पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के चलते प्रदेश के न्यूनतम तापमान में आई गिरावट : मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में कल भी घने कोहरे का यलो अलर्ट किया जारी।**

————————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में निर्माणाधीन गोरखपुर–पिपराइच फोरलेन मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्य की प्रगति**

की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बरगदवा और राप्ती नगर में बने रैन बसेरों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने सभी से रैन बसेरे में मिल रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ठंड से बचाव के लिए हर ज़िले में रैन बसेरे बनाने, कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बाइट.....

*सभी जिला प्रशासन को युद्ध स्तर पर कदम उठाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। हर जनपद में व्यापक पैमाने पर रेन बसेरा बनाने, जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र और कंबल वितरण करने, सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने के लिए निर्देश भी दिए गए हैं। गोरखपुर महानगर के अंदर कुल 19 रेन बसेरे वर्तमान में संचालित हैं। यह सभी रेन बसेरे सुरक्षित हैं।*

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक आचार्य पद पर भर्ती के लिए अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा को निरस्त करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने यह फैसला परीक्षा में हुई अनियमितता और अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाओं की पुष्टि होने के बाद लिया है। श्री योगी ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को निर्देशित किया है कि इस परीक्षा का आयोजन शीघ्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

————————————

विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत प्रदेश की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी गई है। निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम ड्राफ्ट सूची में अवश्य देख लें। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण 6 जनवरी से 27 फरवरी 2026 के बीच किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 6 मार्च 2026 को प्रकाशित की जाएगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूरी प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारी निभाई है।उन्होंन कहा कि यह प्रक्रिया चुनाव को अधिक पारदर्शी बनाएगी और लोकतंत्र को और मजबूत करेगी। बाइट.....

*जो ड्राफ्ट लिस्ट आई है, जिसमें लगभग 2 करोड़ 90 लाख मतदाता के नाम अलग–अलग कारण से कटे हैं, उनके लिए हर दल को भाजपा ही नहीं जितने भी राजनीतिक दल हैं, सबको मौका है कि 6 जनवरी से 6 फरवरी तक जो आपत्ति है, वह चुनाव आयोग को दे सकते हैं। मतदाता सूची चुस्त दुरुस्त होनी चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है और चुनाव आयोग का यह जो मतदाता सूची शुद्धिकरण का अभियान है, बहुत ही ऐतिहासिक है, सराहनीय है। हम सब इसका करते हैं।*

————————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2026' में

प्रतिभाग के लिए चयनित प्रदेश के प्रतिभागियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं का वैश्विक स्तर पर प्रसार समय की आवश्यकता है। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्सव के दौरान युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। यंग लीडर्स डायलॉग 10 से 12 जनवरी तक नई दिल्लो में आयोजित होगा जिसमें प्रदेश के 79 युवा हिस्सा लेंगे।

————————————

प्रदेश में आज 20 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। इन तबादलों में आईपीएस किरण एस को पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र लखनऊ बनाया गया है। अपर्णा कुमार को संयुक्त पुलिस आयुक्त का कार्यभार सौंपा गया है। तरुण गाबा को अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा, आशुतोष कुमार को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ बनाया गया है वहीं आनंद सुरेश राव कुलकर्णी को तकनीकि सेवायें से हटाकर पुलिस महानिरीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन बनाया गया है।

————————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रयागराज में आयोजित माघ मेले में पालिथीन के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। माघ मेला प्रभारी ऋषिराज ने बताया कि मां गंगा की जलधारा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए माघ मेला क्षेत्र में प्लास्टिक से निर्मित सामग्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है। श्रद्धालुओं से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस नियम का पालन करने की अपील की गई है। वहीं मेले में पहुंच रहे श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की है। प्रयागराज अपर आयुक्त अजय पाल ने बताया कि पूरे मेला परिसर की इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के ज़रिए निगरानी की जा रही है। बाइट.....

*इस समय माघ मेला जो चल रहा है, जिसमें हमारे जो आई ट्रिपल सी है, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर है, इसमें हमारे जो पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, हमारा वायरलेस सिस्टम एज वेल एज जो हमारे सीसीटीवी कैमरा है जिसमें एआई एनेबल्ड कैमरा है या हमारे ड्रोन है, सभी की फील्ड को यहां पर इंटीग्रेट किया गया है और यहां से जो मेले का हर कोना–कोना है, वहां पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।*

*इसको मल्टीपल सेक्टर सब सेक्टर्स में डिवाइड किया गया है। जहां पर चौबीसों घंटे हमारे कर्मचारी लगातार उन पर वॉच करते हैं।*

**इसके अलावा श्रद्धालुओं के साथ ही देशी विदेशी पर्यटकों के मनोरंजन के लिए प्रशासन ने यमुना नदी में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की भी दोबारा शुरुआत की है। इस रेस्टोरेंट में पर्यटक लहरों के बीच लजीज व्यंजनों के साथ नौका विहार और रोमांचक वाटर स्पोर्ट्स का आनंद ले सकेंगे।**

——————————

**वीर बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में रांची से रवाना हुआ साइक्लोथॉन दल आज फतेहपुर पहुंचा। 10 सदस्यीय यह दल 16 जनवरी को दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदो से मुलाकात करेगा। रैली का नेतत्व कर रहे एनसीसी के कर्नल अनिल कुमार ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा द्वारा देश की आजादी में दिए गए योगदान को जन जन तक पहुंचाना है। बाइट.....**

*इस रैली का उद्देश्य है, महान स्वतंत्रता सेनानी जिनको झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा के नाम से भी जानते हैं, उनके बारे में जन जागृति पैदा करना है। यह साल उनके जन्म का 150वां साल है। 16 जनवरी को दिल्ली पहुंचेंगे, उसके बाद वहां हमने कुछ कार्यक्रम में हिस्सा लेना है और 28 जनवरी को एनसीसी की परेड में एक प्राइम मिनिस्टर्स रैली होती है, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी आएंगे। उसमें हम उनको स्मृति चिन्ह भेंट करके बिरसा मुंडा जी का इस रैली को समाप्त करेंगे।*

——————————

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज लखनऊ में एक दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यशाला का आयोजन प्रदेश में शहद उत्पादन को प्रोत्साहित करने, शहद की गुणवत्ता में सुधार लाने और मधुमक्खी पालकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना था।

———————————

इटावा में आज कृषि विभाग द्वारा श्रीअन्न को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने शहर में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया । कृषि विभाग के उपनिदेशक आर एन सिंह ने बताया कि जनपद के किसानो में श्रीअन्न को लेकर जागरुकता बढ़ी है और मोटे अनाज की पैदावार पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

———————————

वाराणसी में आयोजित 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चंपियनशिप के चौथे दिन उत्तर प्रदेश का दबदबा कायम रहा। महिला वर्ग के मुकाबल में यूपी की टीम ने पंजाब को हराते हुए जीत की हैट्रिक लगाई। पुरुष वर्ग में मध्य प्रदेश ने मणिपुर को एकतरफा मुकाबले में मात दे दी।

———————————

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के कारण प्रदेश के न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। प्रदेश के अनेक

हिस्सों में घने कोहरे क कारण प्रदेश के मध्यवर्ती भाग के आसपास शीत दिवस की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग ने कल भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी जनपदों में शीत दिवस की भी चेतावनी जारी की है।

(समाप्त)